# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone : 0294-2413117, 2411650
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com
Website : www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :182 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | मई 2017


## आर्थिक सहयोग

● **सदस्य वार्षिक सहयोग** – श्री भीमनदास तलरेजा– ₹1,000/–; श्री रवींद्र भटनागर– ₹1,000/–; इंजी. एम. एस. खमेसरा– ₹ 1,000/–

● **सामान्य सहयोग**- डॉ. पी.एम. अग्रवाल – ₹1,500/–। सभी का आभार।

● **छात्रवृत्ति कोष**- इंजी. एम. एस. खमेसरा– ₹1,000/–; श्री लक्ष्मीनारायण दशोरा – ₹1,000/–

● **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस सहयोग** - दी इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उदयपुर – ₹ 5,000/–; माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन राजस्थान, उदयपुर – ₹ 5,000/–

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान : मई अंक के लेख- बहु उपयोगी है नमक, पृथ्वी का बढ़ता तापमान : खतरे में आर्कटिक महासागर, आसान नहीं अंतरिक्ष यात्रा, विज्ञान का रोचक ज्ञान।**

●**एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम**

**आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम –**

इस कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली गाँव के किसानों को कृषि विश्वविद्यालय में 5 मई को लाने का निर्णय किया था जिसमें अधिष्ठाता सीटीएई ने बस भी उपलब्ध करा दी थी किन्तु विवाह समारोहों के कारण यह कार्यक्रम नहीं किया जा सका और इसे पुनः अनुकूल समय पर किया जाएगा।

● परिवार सर्वेक्षण सम्बन्धी प्रोफोर्मा तैयार हो गया है जिस पर कृषि विश्वविद्यालय के सुझाव भी आ गए हैं। इसकी क्रियान्विति के लिए कुलपति जी से समय लिया जाएगा।

● श्री घीसूलाल मेघवाल के यहाँ जो वर्मी कम्पोस्ट यूनिट मार्च में लगाई थी उसका उत्पादन पूर्णतया तैयार होकर प्राप्त हो गया है। आगामी उत्पादन के लिए कल्चर पहले वाले उत्पादन से पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गया है। **श्री इंद्रसिंह जी** की इकाई भी लगभग तैयार है।

● उद्यान विशेषज्ञ और कृषि विश्वविद्यालय के **प्रो. आर.ए. कौशिक-** निदेशक, निदेशालय रेजिडेंट इंस्ट्रक्शंस से बात हुई उन्होंने देवाली जाना स्वीकार किया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 10 मई 2017 को नवाचार महिला प्रकोष्ठ एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान समिति में **''डिजीटल नारी''** पर एक वर्कशॉप आयोजित की गई। संयोजिका श्रीमती बेला जैन ने प्रशिक्षिका **श्रीमती सुरभि जैन** एवं सभी महिलाओं का स्वागत किया। **श्रीमती सुरभि जैन** ने महिला सदस्याओं को ''एप'' डाउनलोड करना सिखाया, इसी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के 'एप' जैसे उबर टैक्सी, 'ओला टैक्सी', 'पे–टीएम' आदि को प्रयोग में लाने के तरीकों की जानकारी दी गयी। 'एप'' के उपयोग की विधि का परिचय दिया गया जिससे किसी भी रास्ते को गूगल के द्वारा जाना जा सके, इन्टरनेट बैंकिंग– फंड ट्रांसफर करना, बिल पेमेंट करना, टिकट बुक करना, ऑनलाइन शॉपिंग आदि के बारे में जानकारी दी गयी। समस्त जानकारी बहुत सरल तरीके से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सह–संयोजिका **डॉ. नलिना लोढ़ा, श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया,** ग्रुप लीडर **श्रीमती रेखा मेहता, श्रीमती सविता कोठारी** सहित लगभग 80 सदस्याएं उपस्थित थीं।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की बैठक 20 मई 2017 को आयोजित की गई। 81 महिलाएं उपस्थित थीं। सर्वप्रथम प्रकोष्ठ की संयोजक **श्रीमती शकुंतला धाकड़** ने सभी का स्वागत करते हुवे बतलाया कि आज हमारी वरिष्ठ सदस्या **श्रीमती सायर देवी सुराणा** का 75 वा जन्म दिवस हम सब मिलकर यहां मनायेंगे और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे। प्रकोष्ठ की मुख्य संयोजक **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने उपरना पहनाकर इस कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया। इसके पश्चात् मनोरंजन कार्यक्रम हुआ तथा पूर्व संयोजक **श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने एक रोचक खेल खिलाया। इसके पश्चात् जन्मदिन के उपलक्ष में **श्रीमती विजयलक्ष्मी बसंल** एवं **श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने जन्मदिन के गाने गाये एवं विज्ञान

समिति के संस्थापक **श्रीमान डॉ के एल कोठारी** एवं अनेक वरिष्ठजन एवं विशिष्ट संरक्षक **श्री राज सुराणा** की उपस्थिति में **श्रीमती सायर देवी सुराणा** को उपरणा, शाल एवं माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया। **डॉ. के एल कोठारी** ने इस अवसर पर अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुवे उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अन्त में **श्रीमती सायर देवी सुराणा** द्वारा आयोजित भोजन पर सबको आमन्त्रित किया गया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** यह शिविर 30 मई को आयोजित हुआ। **प्रो. सुशीला अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती शकुंतला धाकड़ एवं श्रीमती रेणु भण्डारी** द्वारा शिविर आयोजित किया गया। **डॉ. के एल कोठारी** ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस बार केवल चंदेसरा गाँव की 10 महिलाएं ही उपस्थित हो सकी। महाराणा प्रताप के बारे में जानकारी दी गई। गर्मी की बीमारियाँ विशेषकर लू से बचाव के लिए घरेलू उपचार बताये गये। लहर पत्रिका पर चर्चा की गई तथा नई लहर वितरित की गई। शिविरार्थी **सुश्री डिम्पल एवं कुसुम जोशी** द्वारा गीत गाया गया। **सुश्री डिम्पल** संगीत में आगे बढ़ना चाहती है। शिविरार्थियों द्वारा प्रार्थना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। शिविरार्थियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई एवं उन्हें यात्रा व्यय दिया गया।

● **महिला समृद्धि कोष :** इसके अंतर्गत **श्रीमती प्यारी बाई**



को व्यवसाय हेतु 5000/– का ऋण दिया गया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। मई माह में 8 शिविर हुए जिसमें 111 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में सैंतालीसवां शिविर दिनांक 21 मई 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ.अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** के दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता**–योग विशेषज्ञ, **डॉ.निवेदिता पटनायक,** होम्योपेथिक चिकित्सक, **श्री मुर्तजा हुसैन एवं श्री कमलेश शर्मा**–ब्लड शुगर जांच; **श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 25 नागरिकों का (17 सामान्य, 17 हृदय, 18 मधुमेह, 8 अस्थि रोग, 2 ईएनटी) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **अड़तालीसवां शिविर 18 जून 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. बी.एल. चावत** एवं **श्री राजेन्द्र खोखावत** ने विशेष सेवाएं दी।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक

प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की 51वीं बैठक में अहमदाबाद के Audiologist एवं Speech Therapist **श्री सुनील पैकरे** ने सुनने की कमी तथा पूर्ण बहरापन के सम्बन्ध में उपयोगी एवं सारगर्भित वार्ता दी।

उन्होंने बतलाया कि यदि सुनाई पड़ते समय बात ठीक तरह से समझ में न आए, विशेष रूप से बच्चों एवं स्त्रियों को यदि टीवी, रेडियो आदि के आवाज की बढ़ाने की आवश्यकता महसूस होती हो तो ये समस्या कम सुनने की हो सकती है। इस समस्या के कई कारण हैं जिनमें विशेष रूप से उम्र का बढ़ना तथा अधिक शोर वाले स्थानों में रहना प्रमुख है। इस सम्बन्ध में नाक कान–गला के विशेषज्ञ जाँच करने के पश्चात् यदि ये पाते हैं कि व्यक्ति को सुनाई पड़ना कम हो गया है तो उसकी Audiometry रिपोर्ट के आधार पर श्रवण मशीन की सिफारिश की जाती है। उन्होंने बताया कि साधारणतया डिजिटल श्रवण मशीन अधिक उपयोगी है एवं **दोनों कानों में मशीन का उपयोग करना चाहिए।** मीटिंग में 25 सदस्य तथा 10 मरीज बाहर से पधारे थे। सभी ने काफी ध्यान से वार्ता सुनी एवं शंकाओं का समाधान किया। **डॉ. के एल कोठारी** ने अध्यक्षता की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया एवं मुनीश गोयल ने संयोजन किया। मीटिंग के पश्चात् सदस्यों तथा मरीजों से श्रवण मशीनों के द्वारा ऑडियोमैट्रिक जाँचें की गई तथा उसके उपचार बताये गये।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

प्रकोष्ठ की 18 मई को हुई बैठक में **डॉ. राजेन्द्र प्रताप कच्छारा** ने गणितानुयोग पर वार्ता प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जैन भूगोल में बताया गया है कि पर्वत पृथ्वीतल के अन्दर धंसे होते हैं। यह अवधारणा आधुनिक भूविज्ञान के आधार पर भी सत्य सिद्ध होती है। उन्होंने हिमालय और अन्य पर्वतों के बारे में भी रोचक जानकारी दी। बैठक में 15 सदस्यों की उपस्थिति थी।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 43 वां अंक (मई 2017) प्रकाशित एवं वितरित हुआ। भिक्षु आलोक संस्थान केलवा की साधारण सभा की बैठक 23 मई को तुलसी साधना शिखर राजसमन्द पर हुई।

## अन्य गतिविधियां

● समिति के पदाधिकारियों और मानद निदेशकों की बैठक दिनांक 30 मई को आयोजित हुई जिसमें कई समसामयिक कार्यक्रमों पर विचार विमर्श हुआ।

● समिति में विज्ञान प्रयोगशाला निर्माण के लिए नगर निगम की स्वीकृति के लिए आवश्यक पत्रावली नगर निगम कार्यालय में प्रस्तुति की गयी।

● दो सभागारों के लिए ऑडियो सिस्टम नया खरीदा एवं लगवाया।

● **मेरी क्यूरी सभागार** के तीनों कूलर्स रिपेयर कराए गए। चौकीदार के कक्ष में एवं बाहर टीन शेड बदलवाया।

● महावीर युवा मंच संस्थान द्वारा विज्ञान समिति परिसर में युवतियों के लिए 10 दिवसीय बहुआयामी ग्रीष्मकालीन शिविर **'निखार'** रखा गया। इसका आयोजन **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुंडिया** के नेतृत्व में सफलतापूर्वक हुआ। जिसमें विज्ञान समिति ने पूरा सहयोग किया। समापन समारोह में हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन करते हुए प्रशंसा की और उसे उपयोगी बताया।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ. यशवन्त कोठारी** को तुलसी साधना शिखर राजसमन्द ने **''आचार्य महाश्रमण सेवा सम्मान-2017''** से अलंकृत किया। यह सम्मान आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आचार्य महाश्रमण के जन्मदिन दिनांक 13 मई 2017 को प.बंगाल के तुमोनी गांव में दिया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष चरित्र निर्माण, व्यसन मुक्ति तथा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। उन्हें सम्मान पत्र के साथ 1 लाख रु. नकद भी दिया गया। **यशवन्त जी** ने अपनी ओर से 21




हजार रु. मिला कर 1,21,000/-(एक लाख इक्कीस हजार रु.) समाज सेवा के लिए तुलसी साधना शिखर राजसमन्द को समर्पित किया। विज्ञान समिति की हार्दिक बधाई!

हजार रु. मिला कर 1,21,000/-(एक लाख इक्कीस हजार रु.) समाज सेवा के लिए तुलसी साधना शिखर राजसमन्द को समर्पित किया। विज्ञान समिति की हार्दिक बधाई!

●हमारी कार्यकारिणी सदस्या **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** के सुपुत्र **डिप्टी कमांडेंट तरुण गुप्ता** की स्मृति में सेरी नदी के किनारे नौशेरा सेक्टर जम्मू में एक स्मृति भवन का




निर्माण BSF ने किया है। विज्ञान समिति की भावभीनी श्रद्धांजलि।

● हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** की

### श्रद्धांजलि

हमारे सदस्य **इंजी. अरुण जी अग्रवाल** की धर्मपत्नी **श्रीमती उषा अग्रवाल** का आकस्मिक देहावसान हो गया

दिवंगत आत्मा को विज्ञान समिति की सादर श्रद्धांजलि।

◈

विज्ञान समिति संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी** के अग्रज एवं विज्ञान समिति के हितैषी एडवोकेट **मोहन लाल जी कोठारी** का दिनांक 11.06.2017 को 88 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया । दिवंगत आत्मा को विज्ञान समिति की सादर श्रद्धांजलि

## प्राचीन स्वास्थ्य दोहावली

पानी में गुड़ डालिए बीत जाए जब रात
सुबह छानकर पीजिए अच्छे हों हालात !!

धनिया की पत्ती मसल बूंद नैन में डार !
दुखती अँखियां ठीक हों पल लागे दो चार !!

ऊर्जा मिलती है बहुत पिएं गुनगुना नीर !
कब्ज खतम हो पेट की मिट जाए हर पीर !!

प्रातःकाल पानी पिएं घूंट-घूंट कर आप !
बस दो-तीन गिलास है हर औषधि का बाप !!

ठंडा पानी पियो मत करता क्रूर प्रहार !
करे हाजमे का ये तो सदा बंटाढार !!

'भोजन करें धरती पर अल्थी पल्थी मार !
चबा चबा कर खाइए वैद्य न झांके द्वार !!

प्रातःकाल फल रस लो दुपहर लस्सी छाछ !
सदा रात में दूध पी सभी रोग का नाश !!

प्रातः दोपहर लीजिये जब नियमित आहार !
तीस मिनट की नींद लो रोग न आवें द्वार !!

भोजन करके रात में घूमें कदम हजार !
डाक्टर ओझा वैद्य का लुट जाए व्यापार !!

घूंट घूंट पानी पियो रह तनाव से दूर !
एसिडिटी या मोटापा होवें चकनाचूर !!

अर्थराइटिज या हार्निया अपेंडिक्स का त्रास!
पानी पीजै बैठकर कभी न आवें पास!!

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| June | | July | |
|---|---|---|---|
| Sh. N.L. Gupta | 02/06 | Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 02/06 | Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Km. Pratichi Bhatnagar | 07/06 | Dr. Sohanraj Tated | 05/07 |
| Sh. Arun Kumar Agarwal | 08/06 | Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Sh.Ibrahim Ali | 12/06 | Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Sh. Moti Singh Khamesara | 12/06 | Dr. S.L. Bapna | 08/07 |
| Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 | Smt.Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Sh. Prakash Jain | 24/06 | Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Dr. K.L. Kothari | 30/06 | Sh. Lokesh Joshi | 16/07 |
| Sh.Madhusudan Pandya | 30/06 | Smt. Manjula Sharma | 20/0/7 |
| | | Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| | | Dr. K.B.Sharma | 28/07 |



**डॉ. जे.के. दोशी का** जन्मदिन 8 मई को समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के जून माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❒ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❒ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 18 जून 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | शुक्रवार 09 जून | एवं बुधवार 21 जून |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शनिवार 10 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 10 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | मंगलवार 20 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | शनिवार 17 जून | सायं 05.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शुक्रवार 30 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ केन्द्रीय कारागृह में बंदियों के साथ प्रार्थना सभा | शुक्रवार 02 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ विश्व पर्यावरण दिवस (पर्यावरण सप्ताह) | मंगलवार 5 जून से शनिवार 10 जून 2017 तक | |
| ✷ इंजी. ललित बक्षी अष्ठम् स्मृति व्याख्यान | शनिवार 17 जून | सायं 05.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)